हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 10 अगस्त 2026

06 विश्व आदिवासी दिवस पर निकाला विशाल चल समारोह...



07 अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर कांग्रेस ने...



खबर संक्षेप

बिना पंजीयन के संचालित हो रही डेयरी को किया सील



सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बाजार में विक्रय हो रहे दूध एवं दुग्ध उत्पादों पर विशेष निगरानी रखते हुए दुकानों, डेरियों एवं फैक्ट्रियों का औचक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए जा रहे हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने आष्टा स्थित श्री इंटरप्राइजेज से घी के 03 नमूने जांच हेतु लिए और 50 लीटर संदिग्ध घी भी जब्त किया। इसी प्रकार टीम द्वारा श्यामपुर स्थित जफरुद्दीन डेयरी से मिल्क का सैंपल तथा मुख्तारनगर स्थित दुआ डेयरी से दूध तथा मिक्स मिल्क का सैंपल लिया। इस दौरान सामने आया कि दुआ डेयरी बिना पंजीयन के संचालित हो रही थी। बिना पंजीयन के डेयरी संचालित करने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा डेयरी को सील कर दिया गया है। संग्रहित सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सभी विक्रेताओं को स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए व्यवसाय संचालित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

एक करोड़ की राशि से ज्यादा की लागत से किया जा रहा है कबानी श्मशान का सौंदर्यीकरण का कार्य

आरोपः सौंदर्यीकरण में गड़बड़ी, निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग और देखरेख का अभाव

निर्माण की गुणवत्ता पर उठाए जा रहे सवाल, निर्माण से पहले ही दरकीं दीवारें, शेड की चद्दरें गुणवत्ता विहीन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

लाखों रुपए की लागत से किए जा रहे नगर के कबानी वाले श्मशान के सौंदर्यीकरण में जमकर गड़बड़ी और अनियमितताएं बरतें जाने के आरोप नगरवासियों द्वारा लगाए जा रहे हैं। उनका कहना है कि निर्माण में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है। यहां न सिर्फ निर्माण कार्य में मनमानी की जा रही है, बल्कि कार्यस्थल से ठेकेदार, इंजीनियर सब गायब रहते हैं। मिस्त्री व मजदूर के भरोसे सौंदर्यीकरण और निर्माण चल रहा है। इतना ही नहीं निर्माण कार्य में मानकों का भी पालन नहीं किया जा रहा है। यहां निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। यही कारण है कि दीवारों में अभी से दरारें आना शुरू हो गई है। परिसर में बिछाए गए ब्लॉग पेवर भी कई जगह से टूटने -फूटने के साथ ही उखड़ने लगे हैं। लेकिन कोई भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। नगरवासियों ने प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से इसकी जांच कर कार्य गुणवत्तापूर्ण कराने की मांग की है।

मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत नगर के कबानी वाले श्मशान का करीब 1 करोड़ 6 लाख 66 हजार रुपए की लागत से जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। लेकिन ठेकेदार द्वारा इसमें तय मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। आलम यह है कि मनमानी और कई अनियमितताएं बरती जा रही है। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री, देखरेख का अभाव और भ्रष्टाचार के कारण इसकी गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। प्रशासनिक अधिकारियों व इंजीनियर द्वारा नियमित निरीक्षण और तकनीकी जांच नहीं किए जाने से निर्माण कार्य में घटिया और निम्न स्तर की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। यही वजह है कि निर्माणाधीन बाउंड्री वॉल , श्रद्धांजलि हाल , लॉकर रूम , टायलेट आदि दीवारों में कई जगह लंबी लंबी दरारें पड़ गई हैं। परिसर में बिछाए गए ब्लॉग पेवर चलते में खिसकने के साथ ही जगह - जगह से उखड़ने व टूटने लगें हैं। श्मसान शेड पर लगाई गई चद्दरें जरा सी हवा चलने पर कागजों की भांति उड़ने लगती है।



इछावर। कबानी शमशान पर जो यह शेड लगाया हैं वह हल्की हवा में ही उड़ रहा है।



इछावर। कबानी शमशान पर जो बाउंड्रीबॉल बनाई है उसमें जगह-जगह से इस तरह दरारें चल रही हैं।

लोगों का कहना है कि प्रशासन की अनदेखी और ठेकेदार की मनमानी के चलते सौंदर्यीकरण के नाम पर महज औपचारिकता की जा रही है। निर्माण कार्य बेहद घटिया और निम्न स्तर का होने के कारण हाल , लॉकर रूम आदि कुछ समय में ही धराशाई हो जाएंगे।

इस संबंध में निर्माण शाखा प्रभारी नगर परिषद इछावर राजेश बाहेती ने बताया कि यह सच है कि दीवारों में कई जगह दरारें आ गई हैं। इससे गुणवत्ता में कमी होना प्रतीत हो रहा है। इनको लेकर ठेकेदार को नोटिस जारी किया जा रहा है। सौंदर्यीकरण का संपूर्ण कार्य तय मानक अनुसार एवं गुणवत्तापूर्ण कराया जाएगा।

यह है प्रस्तावित कार्य

1.श्मशान की बाउंड्री वॉल , 18 लाख 66 हजार की लागत से
2. शमशान में श्रद्धांजलि हॉल - 80 लाख
3. लॉकर रुम एवं टॉयलेट- 9 लाख 45 हजार
4. सीसी रोड - 17 लाख
5. पार्क - 6 लाख 82 हजार 540
6. पेवर ब्लॉक - 4 लाख 10 हजार

हर घर तिरंगा अभियानः वीर शिरोमणि चैन सिंह जी की छतरी पर चला स्वच्छता अभियान

भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा व नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया स्वच्छता अभियान का नेतृत्व

सीहोर। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत रविवार को वीर शिरोमणि चैन सिंह की छतरी पर स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने छतरी परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया और ऐतिहासिक स्थल को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल तिरंगा फहराने तक सीमित



नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रभक्ति, स्वच्छता और अपने गौरवशाली इतिहास के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करने का अभियान है। वीर शिरोमणि चैन सिंह जी जैसे महान वीरों की स्मृतियों से जुड़े स्थानों की स्वच्छता और संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। हमारे ऐतिहासिक और गौरवशाली स्थलों को स्वच्छ रखना हमारी संस्कृति और महापुरुषों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से हम राष्ट्रप्रेम के साथ स्वच्छता का संदेश भी जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने परिसर में साफ-सफाई की तथा नागरिकों से भी अपने आसपास के सार्वजनिक एवं ऐतिहासिक स्थलों को स्वच्छ रखने की अपील की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से नरेंद्र राजपूत, कमलेश कुशवाह, गगन नामदेव, सुशील ताम्रकार, सुदीप प्रजापति, निलेश राठौर, अनुराग मिश्रा, अक्षय चौहान, शुभम राठौर, प्रवेश राठौर सहित अन्य मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सीवन पुत्र टीम ने मां सीवन को 101 मीटर की चुनरी अर्पित की गई



सीहोर। सीहोर के इतिहास में शनिवार रविवार का दिन सुनहारे अक्षरों में दर्ज हुआ की मां सीवन पुत्र टीम द्वारा पहली बार मां सीवन पर 101 मीटर की चुनरी चढ़ाई। चुनरी अर्पित करने के पीछे जो उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों का भावनात्मक संबंध मां सीवन से जुड़े। सबसे पहले मां सीवन की पूजा एवं आरती हुई,एक नन्ही बालिका द्वारा मां सीवन की पूजा हुई उसके बाद महिला घाट से लेकर पुरुष घाट तक 101 मीटर की चुनरी चढ़ी। सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने बताया है कि सीवन अभियान को पांच महीने होने को है और लगभग पांच हजार छ सौ के करीब सीवन पुत्र बन चुके है साथ ही विभिन्न नदियों के नाम से पुत्र एवं पुत्री बन रहे हैं जो नदियों की स्वच्छता एवं उद्धार हेतु संकल्पित है। इन पांच महीनों के दौरान लगभग 20 से ज्यादा सीवन कार्यक्रम आयोजित हुए जिनके माध्यम से बच्चों से लेकर वृद्धों तक का भावनात्मक संबंध स्थापित हुआ है।

इस चुनरी महोत्सव में वरिष्ठ सीवन पुत्र रमेश जायसवाल, अशोक नामदेव, ह्देश राठौर, देवेश सिसोदिया, लखन कुशवाह, जितेंद्र चौरसिया,कैलाश चव्हाण,कपिल बैरागी, वैभव राठौर, मुकेश राय, योगेंद्र राय, राधेश्याम मकवाना, प्रकाश यादव, जगदीश वर्मा,उमेश चावड़ा, लक्ष्मण चौकसे, कनीराम मालवीय, सुरेश भगत, रवि माहेश्वरी, विनोद यादव, संतोष मेवाड़ा, राजकुमार सोनी, राजेश शर्मा, सतीश सीठा, मांगीलाल मालवीय, विल्सन जैन, सुनील मालवीय, जितेंद्र कौशल, मनोहर राय, जगदीश गोयल, अथर्व चावड़ा, नितिन मालवीय, अलका कुशवाहा, सीमा शर्मा, सुनीता सोनी, ज्योति चावड़ा, अनिता माहेश्वरी, अर्चना श्रीवास्तव, दीपक दलोदिया, दीपक राठौर, कमल केवट, राधेश्या पचवारिया, दीपक केवट, सुधीर सोनी आदि है।

जिले के 145 शासकीय और अशासकीय विद्यालयों ने सहभागिता की

कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर आयोजित की गई पर्यटन क्विज 2026 प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड,जिला प्रशासन, जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद एवं स्कूल शिक्षा विभाग सीहोर,मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल, के सहयोग से सीहोर जिले में मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2026 का ऐतिहासिक एवं भव्य आयोजन सुबह 9 बजे से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चन्द्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भोपाल नाका सीहोर में दो चरणों में किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रदेश के समृद्व शाली इतिहास, परम्पराओं ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहर, तथा पर्यटन के विस्तृत क्षेत्र से छात्र एवं छात्राओं को परिचित कराना है। प्रतियोगिता में जिले के 145 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के पंजीकृत दलो ने सहभागिता की । प्रतियोगिता के लिए छात्र एवं छात्राऐं अतिउत्साहित दिखाई दिये दल के सदस्य सुबह से ही प्रतियोगिता स्थल पर शिक्षकों के साथ उपस्थित हो गये।

प्रतियोगिता दो चरणों में आयेजित की गई प्रथम चरण में लिखित परीक्षा प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित की गई लिखित परीक्षा के आधार पर प्रथम 6 टीमों का चयन अगले राउन्ड ऑडियो विजुअल के लिए किया गया। ऑडियों विजुअल राउन्ड में बूझो जानो फिर देखो अपना मध्यप्रदेश की तर्ज पर पर्यटन से संबंधित प्रश्नों के आधार पर कुल 10 राउन्ड



में आयोजित किये गये। जिसमें पर्यटन से संबंधित धार्मिक नगरों, ऐतिहासिक स्थलों, साहित्यिक सामाजिक, जिलों राष्ट्रीय अभ्यारण्यों सांस्कृतिक पृष्टभूमि के प्रश्नों के आधार पर चयनित 6 टीमों ने अपने समय अनुसार उत्तर दिये।

कभी कोई अटका, कभी संशय,प्रश्नों की उत्सुकता और हर सही जबाब के साथ मिलने वाले अंको की खुशी तथा गलत जबाव होने पर माइनस मार्किंग छात्र-छात्राओं के उत्साह को ऑडियों विजुअल राउन्ड में कम और ज्यादा करती रही साथ ही दर्शकों से किये गये प्रश्नों के आधार पर भी रोमांच और उत्साह से भरे वातावरण में रोचकता प्रदान करता रहा । दर्शकों को भी प्रतियोगिता में पर्यटन के ज्ञान धर्मिक स्थलों की जानकारी , ऐतिहासिक स्थलों का ज्ञान, सांस्कृतिक और साहित्यिक जानकारी के प्रश्नों के अनुसार प्रतियोगिता के आयोजन में शामिल किया गया तथा बच्चों शिक्षकों और अन्य उपस्थित दर्शकों द्वारा दिये गये प्रश्नों के जबाव पर आकर्षक पुरूस्कारों ने ऑडियो विजुअल राउन्ड को अधिक रोमांचित किया। दर्शकों का उत्साह एम पी में सिनेमा राउन्ड में दोगुना हो गया जिसमें एम पी में फिल्माये गये विभिन्न फिल्मी सीन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दिये जिसमें सीहोर जिले के कई स्थलों से संबंधित प्रश्नों को भी पूछा गया।

प्रतियेगिता में ऑडियो विजुअल राउन्ड के आधार पर प्रथम स्थान नूतन बाल विद्या मंदिर हॉयर सेकेण्ड्री स्कूल सीहोर, दूसरा स्थान मॉडल नर्सरी हॉयर सेकेण्ड्री स्कूल सीहोर, तीसरा स्थान न्यू मोनालिसा हॉयर सेकेण्ड्री स्कूल सीहोर, चौथा स्थान शासकीय उमावि कोठरी, पॉचवा स्थान शासकीय कन्या उमावि बॉया, और छटवॉ स्थान शासकीय उत्कृष्ट उमावि सीहोर ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विजेता दल को आकर्षक मेडल, कूपन और प्रमाण पत्र देकर जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा, प्रबंधक ई गवर्नेस गौरव बंसल, प्राचार्य आलोक शर्मा, अंकुर जैन, अंकुर शर्मा, अताउल्ला खान, आशीष शर्मा, मनोज व्यास, संजय सक्सेना ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन माधव सिंह यादव ने किया।

आकर्षक पुरूस्कार

जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाला सीहोर जिले का दल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सीहोर जिले का प्रतिनिधित्व करेगा। विजेता प्रथम तीन टीम को 3 दिन 2 रात का मध्यप्रदेश पर्यटन की ओर से 500 किमी के दायरे में फ्री टूर पैकेज मिलेगा तथा उपविजेता तीन टीम को 2 दिन 1 रात का मध्यप्रदेश पर्यटन की ओर से 500 किमी के दायरे में सर्वसुविधा युक्त फ्री टूर पैकेज मिलेगा। सहयोगियों में दीपक बिसोरिया, ज्योति त्यागी, आरती राठौर, मुकेश तिवारी, नीरज त्यागी, अमित पठारिया, मोहित शर्मा, अर्जुन सिंह, अभिषेक भार्गव, रमेश मेवाड़ा, अनिल भिलाला हेमंत मालवीय, विनोद सैनी, जगदीश बामनिया, मुकेश मालवीय, अमृतलाल बिजावत, ओमप्रकाश भावसार, सर्वेश अवलोसिया, विपुल राजपूत, नीतेश रैकवार, जितेन्द्र यादव ने सहयोग किया।

पूर्व सैनिकों ने निकाली तिरंगा यात्रा

सीहोर। एक्स सर्विसमेन लिग के तत्वावधान में आज सीहोर नगर में मोटर साइकिल तिंरगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यह यात्रा सुबह 9 बजे चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भोपाल नाका हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर शहर कोतवाली चौराहे से होते हुए लिसा टाकीज के पास अटल चौराहे पर अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के लिए रूकी। यहां पर यात्रा का स्वागत जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा एवं नगरपालिका अध्यक्ष प्रिन्स राठौर ने भी किया।

यहा से तिरंगा यात्रा जोश के साथ गिरती बारिश में ढोल-नगाड़े की आवाज के साथ भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे लगाते हुए मनकामेश्वर मंदिर, हास्पीटल चौराहा, बस स्टैंड से होती हुई



टाऊन हाल पर भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्रगान के पश्चात संपन्न हुई। इस यात्रा में सीहोर जिले के विभिन्न ग्राम से आएं हुए वर्तमान एवं पूर्व सैनिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया साथ ही जिला पंचायत सदस्य शंकर पटेल पुरी तिरंगा यात्रा में पूर्व सैनिकों के साथ जोश के साथ नारे लगाते हुए शामिल रहे।

खबर संक्षेप



विजय यादव बने सर्व यादव समाज व चल समारोह अध्यक्ष

सीहोर। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सर्व यादव समाज की बैठक छोटी ग्वालटोली धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में समाज के सदस्यों ने सर्वसम्मति से विजय यादव को सर्व यादव समाज एवं जन्माष्टमी चल समारोह का निर्विरोध अध्यक्ष चुना। बैठक की अध्यक्षता ओम यादव ने की। अध्यक्ष चुने जाने के बाद विजय यादव ने कहा कि इस वर्ष जन्माष्टमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। जन्माष्टमी चल समारोह में आकर्षक झांकियां, ढोल-ताशे, नरसिंहगढ़ की प्रस्तुति, डीजे, नासिक ढोल सहित भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। विजय यादव के अध्यक्ष चुने जाने पर यादव समाज के वरिष्ठजनों एवं सदस्यों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सीताराम यादव, गोपाल यादव, ओम यादव, मन्नू दादा, प्रद्युम्न पटेल, राजू यादव पटेल, पप्पू यादव, मोहन यादव, लक्ष्मण यादव, जितेंद्र यादव, गब्बर यादव, मनोज यादव, विनोद यादव (वकील साहब), गणेश यादव, पप्पू यादव, मुन्ना यादव, राकेश यादव, अशोक यादव, सुनील यादव, आशीष यादव, पवन यादव, सोनू यादव, प्रदीप यादव, दीपक यादव, संजय यादव सहित समाजजन मौजूद रहे।

साड़ी ड्रेपिंग और हैंडलूम डेमोंस्ट्रेशन प्रतियोगिता का आयोजन आज

सीहोर। मध्यप्रदेश भवन द्वारा भारतीय हस्तकरघा परंपरा को बढ़ावा देने तथा साड़ी पहनने की विभिन्न पारंपरिक एवं आधुनिक शैलियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सोमवार 10 अगस्त को एमपी भवन ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में साड़ी ड्रेपिंग एवं हैंडलूम डेमोंस्ट्रेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।
प्रतियोगिता में प्रतिभागी व्यक्तिगत अथवा अधिकतम दो सदस्यों की टीम के रूप में भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को आयोजन स्थल पर 30 मिनट के भीतर साड़ी ड्रेपिंग करनी होगी। प्रतिभागी रैंप वॉक करेंगे तथा अपनी साड़ी की ड्रेपिंग शैली, उसकी विशेषताओं एवं सांस्कृतिक महत्व का संक्षिप्त परिचय भी देंगे।

गंधर्वपुरी में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर में 216 आवेदन हुए प्राप्त

समस्याओं का मौके पर निराकरण, जर्जर मांगलिक भवन पर कलेक्टर दिखे सख्त

डिलीवरी सहायता राशि नहीं मिलने पर स्वास्थ्य विभाग को फटकार, किसानों ने फसल बीमा, सड़क और अपूर्ण तालाब सहित वर्षों पुरानी समस्याएं उठाईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान तहत जिले का पहला जन विश्वास शिविर शुक्रवार को गंधर्वपुरी में आयोजित किया गया। शिविर में प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला बाई अटारिया, मंडल अध्यक्ष विजेन्द्र सिंह मनासा हरेंद्र सिंह पिलवानी, मदन सिंह धाकड़,प्रमुख सचिव राजस्व डॉ. ई. रमेश कुमार, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के आयुक्त डॉ. सत्येंद्र सिंह, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, एसपी पुनीत गहलोत , एसडीएम आनंद मालवीया,तहसीलदार नेहा शाह, सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया। शिविर में 216 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें सबसे अधिक पंचायत विभाग के 100 तथा राजस्व विभाग के 72 आवेदन शामिल रहे। इसके अलावा स्वास्थ्य, शिक्षा, वन, महिला एवं बाल विकास, पुलिस, विद्युत, बैंक, नगर परिषद एवं खाद्य विभाग से जुड़े आवेदन भी प्राप्त हुए। जिन मामलों का मौके पर समाधान संभव नहीं था, उन्हें सीएम हेल्पलाइन एवं संबंधित विभागों को समय-सीमा में निराकरण के लिए भेजा गया।

जर्जर मांगलिक भवन पर कलेक्टर नाराज

शिविर के दौरान वर्ष 2017 में लगभग 22 लाख रुपये की लागत से बने मांगलिक भवन का मामला भी सामने आया। भवन आज तक पंचायत को हैंडओवर नहीं किया गया है और उसकी हालत जर्जर हो चुकी है। छत से पानी टपक रहा है, फर्श उखड़ चुका है और दीवारों का प्लास्टर झड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने नाराजगी जताते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी से तत्काल निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

दो साल से लंबित डिलीवरी सहायता राशि

एक महिला ने प्रसव के बाद मिलने वाली डिलीवरी सहायता राशि दो वर्ष से नहीं मिलने की शिकायत की। इस पर कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तत्काल भुगतान एवं प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

फसल बीमा राशि दिलाने की मांग

शिविर में ग्राम कुमरिया बनवीर एवं देहरियापेट के किसानों ने वर्ष 2024-25 की खरीफ सीजन की सोयाबीन फसल की लंबित बीमा राशि दिलाने के लिए सामूहिक आवेदन सौंपा। किसानों ने बताया कि आसपास के गांवों के किसानों को बीमा राशि मिल चुकी है, लेकिन उनके गांव के किसान अब भी भुगतान से वंचित हैं। इससे किसान आर्थिक संकट और कर्ज के बोझ से परेशान हैं।

एमजी रोड के निर्माण कार्यों के औचक निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने बरती सख्ती

समय सीमा में काम पूरा करने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने शुक्रवार को एमजी रोड पर चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क, नाला, सीवरेज, पेयजल पाइपलाइन, गैस पाइपलाइन एवं अंडरग्राउंड इलेक्ट्रिक लाइन के कार्यों की प्रगति देखी और संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों को निर्धारित समय सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने जनता बैंक से सयाजी गेट तक दोनों ओर चल रहे नाला निर्माण, सीवरेज मेन लाइन डालने तथा हाउस चेंबर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। हाउस चेंबर का काम धीमी गति से मिलने पर उन्होंने संबंधित ठेकेदार को कार्य में तेजी लाने और निर्धारित समय में काम पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीवरेज एवं अन्य कार्यों को आवश्यकता अनुसार राउंड द क्लॉक चलाने के लिए भी कहा। एमजी रोड पर डाली जा रही गेल गैस पाइपलाइन के कार्य को लेकर संबंधित कंपनी को सुभाष चौक से सयाजी गेट तक काम शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं अंडरग्राउंड इलेक्ट्रिक लाइन के कार्य की समीक्षा करते हुए सुभाष चौक से नावेल्टी चौराहे तथा नावेल्टी चौराहे से सयाजी गेट तक शेष कार्य जल्द पूरा करने को कहा।जनता बैंक से सुभाष चौक तक सीसी रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने संबंधित ठेकेदार को सड़क से लूज मटेरियल हटाकर मुरम डालने तथा डीएलसी का कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता बैंक से सुभाष चौक तक सीसी रोड का निर्माण 9 से 10 दिनों में पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को सड़क की समस्या से राहत मिल सके।

बारिश में भी नहीं थमी जद्दोजहद: मूंग खरीदी केंद्रों के बाहर ट्रालियों में काट रहे रातें, अव्यवस्थाओं से जूझ रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



जिले में मूंग खरीदी का सीजन अपने चरम पर है, लेकिन व्यवस्थाओं की कमी और मौसम की मार ने किसानों की परेशानी कई गुना बढ़ा दी है। हालात यह हैं कि खरीदी केंद्रों के बाहर सड़कों पर लंबी कतारों में खड़ी ट्रैक्टर-ट्रालियों में किसान अपनी उपज के साथ तीन से चार रातें गुजारने को मजबूर हैं। रविवार को हुई तेज बारिश ने स्थिति और अधिक गंभीर कर दी।

रविवार सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला रहा। घने काले बादलों के बीच करीब 10 बजे शुरू हुई बारिश दिनभर रिमझिम जारी रही। खरीदी केंद्रों के बाहर खड़ी ट्रालियों में रखी मूंग की फसल को बचाने के लिए किसानों ने तिरपाल ढककर जुगाड़ किए। कई किसानों ने ट्राली का अगला हिस्सा ऊपर उठाकर रखा, ताकि बारिश का पानी फसल तक न पहुंचे। इसके बावजूद नमी बढ़ने से फसल खराब होने की आशंका बनी हुई है। खरीदी केंद्रों पर रविवार को काम बंद रहने के कारण किसान दिन में अपने घर लौट गए, लेकिन रात होते ही फसल की सुरक्षा के लिए उन्हें वापस आना पड़ा। खुले आसमान के नीचे मच्छरों और बारिश के बीच ट्रालियों के पास रात गुजारना उनकी मजबूरी बन गया है। कई किसान तो ट्राली के ऊपर ही सोते नजर आए, जबकि कुछ तिरपाल के नीचे बैठकर रात काट रहे हैं। जिले के अधिकांश खरीदी केंद्रों पर यही हालात देखने को मिल रहे हैं। किसानों का कहना है कि खरीदी की रफ्तार बेहद धीमी है और पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। यदि समय पर और तेज गति से खरीदी होती, तो उन्हें इस तरह सड़कों पर दिन-रात नहीं बिताने पड़ते। किसानों ने केंद्रों पर पानी, शौचायल लाइट और सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक जिले में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। साथ ही वज्रपात और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अलर्ट भी जारी किया गया है। ऐसे में खुले में रखी मूंग की फसल और किसानों की चिंता और बढ़ गई है।

एक ओर जहां यह बारिश खरीफ फसलों के लिए राहत मानी जा रही है, वहीं खरीदी केंद्रों की अव्यवस्था किसानों के लिए नई मुसीबत बन गई है। धीमी खरीदी से किसानों की परेशानियां खत्म होने का नाम नहीं ले रही। इधर, मूंग उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की अंतिम तारीख होने के बावजूद कई किसान सत्यापन प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए। खोतनामा में त्रुटियां, गलत स्टांप और दस्तावेजों की कमी के कारण अनेक किसानों का पंजीयन अधूरा रह गया। ऐसे में ये किसान अब सरकारी खरीदी से वंचित रह सकते हैं और उन्हें अपनी उपज कम दाम पर मंडियों में बेचने की मजबूरी झेलनी पड़ेगी।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत वार्ड 5 में हुआ जनसंवाद



बुधनी। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत नगर परिषद द्वारा वार्ड क्रमांक 5 में भ्रमण कर नागरिकों से जनसंवाद किया गया। इस दौरान नगर परिषद के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने वार्ड का भ्रमण कर नागरिकों से क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं और स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली। भ्रमण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रशांत जैन,पार्षद संतोष राजपूत तथा वार्ड प्रभारी प्रशांत सुखीजा एवं राहुल खत्री ने वार्डवासियों से चर्चा की नागरिकों ने वार्ड में आवश्यक सुविधाओं और विभिन्न समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया अधिकारियों ने समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। इस दौरान वार्डवासी जगदीश यादव, लखन यादव सहित अन्य नागरिक मौजूद रहे। अभियान के तहत नगर परिषद द्वारा वार्ड स्तर पर पहुंचकर नागरिकों से सीधे संवाद किया जा रहा है, ताकि समस्याओं का मौके पर संज्ञान लेकर उनके निराकरण की दिशा में कार्रवाई की जा सके। नगर परिषद के अधिकारियों के अनुसार मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान का उद्देश्य शासन-प्रशासन को आमजन के और करीब लाना तथा नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करना है।

पत्नी और लड़के के पैरों पर कुल्हाड़ी से हमला करने वाले आरोपी पति को भेजा जेल

भैरुंदा। दिनांक 29 जुलाई को फरियादी सुनील धनवारे पिता चम्पालाल धनवारे उम्र 32 साल निवासी ग्राम हाथीघाट ने रिपोर्ट कि थी कि रात्रि करीबन 12.30 बजे की बात है मैं , मेरी माँ लक्ष्मी बाई .बहन सविता हम तीनो कमरे मे सो रहे थे तभी मेरे पिताजी चम्पालाल धनवारे आये मुझे उठाया व शाम को हुई लडाई के कारण मुझे माँ-बहन की गंदी गंदी गालिया देने लगे मैंने उनसे कहा कि गाली क्यो दे रहो हो तो मेरे पिताजी ने उनके हाथ मे रखी कुल्हाडी से मुझे मापा जिससे मुझे दाहिने पैर मे चोट लगी ,मैंने चिल्लाचोट किया तो मेरी माँ लक्ष्मी बाई व बहन सविता दोनो भी उठ गये व दोनो ने बीच बचाव किया तो मेरे पिताजी ने मेरी माँ लक्ष्मी बाई को भी कुल्हाडी की मारी जिससे उन्हे दोनो पैरो मे चोट लगी । जाते जाते मेरे पिताजी कहने लगे कि आज के बाद मुझसे उलझे तो तुम तीनो लोगो को जान से खत्म कर दूँगा फिर मैंने घटना की बात फोन द्वारा अपनी छोटी बहन संगीता व दामाद रवि को बताई तो दोनो जितेन्द्र के साथ उसकी कार से मेरे घर आये व मुझे व मेरी माँ को ईलाज के लिये सरकारी अस्पताल भैरुंदा लेकर आये । जहाँ मेरी माँ लक्ष्मी बाई को ईलाज हेतु रेफर कर दिया था तो मैं मेरी माँ को ईलाज के लिये नर्मदा अस्पताल भैरुंदा लेकर गया जहाँ पर भर्ती करवाकर थाना मे रिपोर्ट किया था। जिस पर थाना भैरूंदा मे अपराध कायम किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना अति. पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे और एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में थाने से टीम गठित की गई एवं टीम द्वारा विवेचना प्रारंभ कर मजरूबा लक्ष्मीबाई की मेडिकल रिपोर्ट मे गम्भीर चोंट होने से प्रकरण मे धारा 118(2) बीएनएस का ईजाफा किया गया। आरोपी चम्पालाल पिता अनोखीलाल धनवारे उम्र 62 साल निवासी ग्राम हाथीघाट को दिनांक 08.08.26 से घटना मे प्रयुक्त कुल्हाडी जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जाकर उपजेल नसरूल्लागंज दाखिल किया गया।

गो रक्षकों की अनोखी पहल: पशुओं के गले में बांधे रेडियम बेल्ट, सड़क हादसों में आएगी कमी

भैरुंदा। नगर में बढ़ते सड़क हादसों को कम करने के लिए गो रक्षकों द्वारा एक सराहनीय और अनोखी पहल शुरू की गई है। इस पहल के तहत सड़कों पर घूम रहे गोवंश के गले में रेडियम बेल्ट बांधी जा रही है, ताकि रात के समय अंधेरे में वाहन चालकों को पशु दूर से ही दिखाई दे सकें और दुर्घटनाओं से बचाव हो सके।

नगर की सड़कों पर अक्सर रात के समय अंधेरे में बैठे या खड़े गौवंश वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते, जिससे आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। कई बार ये हादसे गंभीर रूप ले लेते हैं और लोगों की जान तक चली जाती है। इसी समस्या को देखते हुए स्थानीय गो रक्षकों ने यह अभिनव पहल शुरू की है।



गो रक्षकों की टीम द्वारा अब तक 100 से अधिक पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट बांधी जा चुकी है। इसके लिए करीब 500 रेडियम बेल्ट विशेष रूप से तैयार करवाई गई हैं। टीम का लक्ष्य है कि नगर में घूम रहे अधिक से अधिक गोवंश को इस अभियान से जोड़ा जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को काफी हद तक कम किया जा सके। गोरक्षकों का कहना है कि यह छोटा सा प्रयास न केवल गोवंश की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि वाहन चालकों और राहगीरों की जान बचाने में भी सहायक साबित होगा। उन्होंने नगरवासियों से भी इस अभियान में सहयोग करने की अपील की है, ताकि यह पहल और व्यापक स्तर पर सफल हो सके।

इन गौ रक्षकों ने शुरू की पहल: दीपक शर्मा (भगवा), दीपेश पवार, निकेश पवार, आदित्य सेन, आर्यन पवार, विजय पवार, मोहित यादव, राहुल पवार, अक्षय पवार, पीयूष पवार, राकेश पवार, तरुण पवार, आशीष पवार।

विश्व आदिवासी दिवस पर निकाला विशाल चल समारोह, पुष्पवर्षा कर किया स्वागत



बुधनी। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रविवार को बुधनी में आदिवासी समाज की ओर से विशाल चल समारोह निकाला गया। समारोह में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोगों, महिलाएं और जयस कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न आदिवासी संगठनों के पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की पारंपरिक उत्साह और उमंग के साथ निकले चल समारोह का जगह-जगह स्वागत किया गया। चल समारोह जब तालपुरा पहुंचा तो कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर आदिवासी समाज के लोगों का स्वागत किया इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी की गई कांग्रेसजनों ने विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आदिवासी समाज की एकता, संस्कृति और अधिकारों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। चल समारोह में मोहित ऊईके,सुरेश कुमरे,राजकुमार ठाकरे,मोहन कुमार, जमना कुमरे सहित आदिवासी संगठनों के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं तालपुरा में स्वागत करने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोनू राजपूत,किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हरीश मीणा, युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे, मंडलम अध्यक्ष हरीश मालवीय, संतोष यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर को सौंपा ज्ञापन

रविदास मंदिर में डॉ.अंबेडकर, गौतम बुद्ध प्रतिमा व बाउंड्री वॉल निर्माण की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



स्थानीय अनुसचित जाति बाहुल्य वार्ड क्रं. 11 सीहोर के जाटव समाज एवं नागरिकों ने एकत्रित होकर संत शिरोमणि रविदास मंदिर में डॉ.अम्बेडकर व भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा लगाने तथा बाउंड्री वॉल निर्माण को लेकर नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही शमशान घाट के चौकिदार बबलु मैकेनिक के अनायश निधन पश्चात उनके भाई रवि जाटव को नगर पालिका परिषद के द्वारा चौकिदार की नौकरी प्रदान किये जाने की मांग की गई तथा मुरली ग्राम के शमशान घाट में 15 फिट चौड़ा एवं 200 फिट लम्बा सिमेंट कांक्रिट निर्माण कराये जाने की मांग की गई। स्थानीय नागरिकों द्वारा राठौर को समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि रविदास मंदिर प्रांगण में आवार कुत्ते मवेशियों के द्वारा गंदगी करने से पूजा पाठ में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है एवं दलितों के आस्था के केन्द्र पूज्य संविधान निर्माता डॉ.अम्बेडकर व भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा नही होने के कारण बुद्धिष्ट समाज उक्त मांग करने के लिये मजबूर हैं। इस अवसर पर नपाध्यक्ष द्वारा प्रतिनिधि मण्डल को आश्वासन दिया गया कि शीघ्र ही उक्त समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से नगर पालिका परिषद द्वारा कराया जावेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से तत्कालीन पार्षद आरती नरेन्द्र खंगराले जाटव, समाज अध्यक्ष मनोज फरेला, सचिव सन्नी जाटव, उपाध्यक्ष हितेन्द्र कचनेरिया, प्रवक्ता नरेन्द्र बनवैया, जयराम जाटव, धन्नालाल परचौले, भगवत सिलावट, नन्दकिशोर मालवीय, नारायण सिंह परिहार सेवानिवृत्त बैंक, राजाराम मालवीय, कल्लु जाटव, अभय अहिरवार, राहुल जाटव, कपिल पुरविया, चंचल महोबिया, उमेश मंगरोलिया, छोटू कचनेरिया, रवि जाटव, मिथुन जाटव आदि नागरिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

लवकुश जयंती चल समारोह को लेकर बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



रविवार को कुशवाहा समाज संयुक्त संगठन के द्वारा लवकुश धर्मशाला और भोपाल नाका बजरंग मंदिर पर कुशवाह समाज की बैठक आयोजित की गई।

कुशवाह हुआ समाज के आराध्य देव भगवान लव कुश की जयंती चल समारोह को लेकर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समाज ने निर्णय लिया। हमारे आराध्य देव भगवान लव कुश का चल समारोह भव्य और शानदार निकाला जाएगा। समाज ने चल समारोह का अध्यक्ष समाज के वरिष्ठ बलराम कुशवाहा पटेल को चल समारोह का अध्यक्ष बनाया गया सितंबर माह में निकला जाएगा। बैठक में कुशवाहा समाज के पूर्व अध्यक्ष संतोष कुशवाह, लखन लाल पटेल कुशवाहा, कुशवाहा समाज के पूर्व अध्यक्ष कमलेश कुशवाह, पूनम चंद कुशवाहा, रामचंद्र कुशवाहा पटेल, मनोहर लाल कुशवाहा, गोपाल कुशवाहा, सनंद कुशवाहा, लक्ष्मी नारायण कुशवाहा लाइट वाले, जितेंद्र कुशवाह, आशीष कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा, लक्ष्मी नारायण पीडी, संजू कुशवाह, बबलू कुशवाह, मदन कुशवाहा, बाबू कुशवाहा, अजय कुशवाह, तोताराम कुशवाहा, शंकर लाल कुशवाह, दिनेश कुशवाहा, डालचंद कुशवाहा, आकाश कुशवाहा, बिरजू कुशवाहा, उमेश कुशवाहामुकेश कुशवाहा बड़ी संख्या में संयुक्त कुशवाहा समाज संगठन के द्वारा यह निर्णय लिया गया।

एकमात्र विद्यालय बना जहां शासकीय स्तर पर कृषि शिक्षा उपलब्ध होगी

पीएमश्री स्कूल को मिली कृषि संकाय की सौगात क्षेत्र के विद्यार्थियों के सपनों को मिलेगी उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

विधानसभा क्षेत्र के पीएमश्री शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय लखनवास के माध्यम से क्षेत्र के विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए एक बड़ी खुशखबर मिली है। विद्यालय में कक्षा 11 वीं में कृषि संकाय प्रारंभ करने की औपचारिक अनुमति मिल गई है। आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा जारी इस स्वीकृति के साथ ही यह ब्यावरा विकासखंड का एकमात्र विद्यालय बन गया है। जहा शासकीय स्तर पर कृषि शिक्षा उपलब्ध होगी।



3 माह के रिकॉर्ड समय में मिली स्वीकृति

लखनवास कस्बे से लगभग पचास ग्रामीण क्षेत्र सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं जिसके चलते यहाँ के एकमात्र हायर सेकेंडरी स्कूल पर बड़ी जिम्मेदारी थी। कृषि के क्षेत्र में रोजगार और करियर की अपार संभावनाओं को देखते हुए संकुल प्राचार्य केवलसिंह भिलाला ने मई 2026 में शासन को कृषि संकाय शुरू करने का प्रस्ताव भेजा था। प्राचार्य के त्वरित एवं समर्पित प्रयासों का ही परिणाम है कि महज तीन माह के भीतर लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी गई।

विद्यार्थियों और क्षेत्र क मिलने वाले मुख्य्य लाभ

पीएटी के माध्यम से नए अवसर अब क्षेत्र के सैकड़ों विद्यार्थी प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट पीएटी की तैयारी कर देश एवं प्रदेश के प्रतिष्ठित कृषि विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा व अनुसंधान रिसर्च कर सकेंगे। गणित या अन्य विषयों में कठिनाई महसूस करने वाले विद्यार्थियों को अब एक बेहतरीन और व्यावहारिक विषय का विकल्प मिलेगा जिससे वे कृषि वैज्ञानिक और कृषि अधिकारी जैसे प्रतिष्ठित पदों तक पहुँच सकेंगे।

50 से अधिक गांव को सीधी सुविधा

लखनवास क्षेत्र के आसपास करीब 50 से भी अधिक गांव लगे हुए है, लेकिन क्षेत्र में कहीं भी इस प्रकार की सुविधा नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को पढ़ाई करने के लिए बाहर जाना पड़ता था, जो अब गांव के पास ही संभव होगा। खुशी की लहर इस सौगात की खबर मिलते ही विद्यालय परिवार क्षेत्र के बुद्धिजीवियों जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों में हर्ष का माहौल है। सभी ने प्राचार्य केवलसिंह भिलाला के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे लखनवास और आसपास के ग्रामीण अंचल के विकास में एक ऐतिहासिक कदम बताया है।

महामंडलेश्वर परमानंद महाराज का नगर आगमन

आध्यात्मिकता को महत्व देते हुए ईश्वर से अपना जुड़ाव बढ़ाना चाहिएः महाराज



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

गुरु पूर्णिमा उत्सव के अवसर पर श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के ट्रस्टी और राष्ट्रीय संत युगपुरुष महामंडलेश्वर परमानंद महाराज का शनिवार को आगमन हुआ। उन्होंने भोपाल बायपास स्थित अखंड परमधाम आश्रम में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भक्तों और नागरिकों को आध्यात्मिक प्रवचन दिए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। परमानंद महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में आध्यात्मिकता को महत्व देते हुए ईश्वर से अपना जुड़ाव बढ़ाना चाहिए। उन्होंने इसे ही जीवन की वास्तविक पूंजी बताया। महाराज ने समझाया कि मनुष्य की शारीरिक आयु अलग होती है, लेकिन उसकी आध्यात्मिक और सत्संग की आयु ही उसकी वास्तविक जमा पूंजी है, जो जीवन को सार्थक दिशा देती है। उन्होंने आगे कहा कि भौतिक सुख-सुविधाएं और धन-संपत्ति जीवन के साथ समाप्त हो जाती हैं, जबकि आध्यात्मिक रूप से अर्जित ज्ञान और संस्कार मनुष्य के जीवन को नई दिशा प्रदान करते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को संतों की शरण में रहकर सत्संग से जुड़ना चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं से नियमित रूप से सत्संग सुनने और आध्यात्मिकता को अपनाने का आह्वान किया।

महाराज ने जोर दिया कि यदि मनुष्य को सच्चे ज्ञान की प्राप्ति करनी है तो उसे गुरु की शरण में जाना होगा। गुरु के मार्गदर्शन से ही सत्य का बोध होता है और व्यक्ति अपने जीवन के वास्तविक उद्देश्य को समझ पाता है। कार्यक्रम के दौरान अखंड परमधाम आश्रम समिति की ओर से परमानंद जी महाराज की पावन आरती की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने पादुका पूजन और गुरु पूजन किया। धार्मिक आयोजन के समापन पर महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद जी महाराज भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रवचन में भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया और कहा कि श्रीराम के आदर्शों पर चलकर ही मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बना सकता है।

विधायक निधि से होगा निर्माण

ताखाजी महाराज मंदिर पर दस लाख से बनेगा सामुदायिक भवन



आयोजकों ने विधायक एवं अतिथियों का साफा बांधकर स्वागत किया। माचलपुर में 1 करोड़ 25 लाख रुपए के विकास कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

नगर के ताखाजी महाराज के मंदिर में सप्ताहजी भजनों का आयोजन चल रहा है। कार्यक्रम विधायक हजारीलाल दांगी, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, सांसद प्रतिनिधि मदनसिंह गुर्जर एवं मंडल अध्यक्ष अमिता मंडलोई रात्रि में सप्ताहजी की ज्ञानगंगा में सम्मलित होकर भजनो का आनंद लिया। जहां पर आयोजकों ने विधायक एवं अतिथियों का साफा बांधकर स्वागत किया। उसके बाद विधायक दांगी ने सबकी उपस्थिति में मंदिर में सामुदायिक भवन और पेवर्स के लिए 10 लाख रुपये की राशि अपनी विधायक निधि से स्वीकृत करने की घोषणा की। साथ ही लोगों को आश्वासन दिया कि एक वर्ष के अंदर यह दोनों कार्य शतप्रतिशत पूर्ण हो जाएंगे। साथ ही माचलपुर में 1 करोड़ 25 लाख रुपए के विकास कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जो बहुत ही जल्दी नगर को सौगात के रूप में मिलेगी। माचलपुर ही नहीं पूरी खिलचीपुर विधानसभा में जब से भाजपा सरकार आई हे तब से हम हर नगर के हर गांव के मंदिरों में विशेष ध्यान दे रहे हे ताकि लोग धार्मिक भावना के साथ साथ सनातन संस्कृति से जुड़े युवाओ को सनातन से जोड़ने के लिए भी हम पूरी कोशिश कर रहे हैं। बतादे की ताखाजी महाराज का मंदिर बहुत प्राचीन मंदिर है, जो नगर एवं क्षेत्र की आस्था का केंद्र हे यहाँ लोगों की मन्नते पूरी होती हे एवं प्रतिवर्ष यहां सप्ताहजी का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या श्रद्धालु शामिल होते है।

धड़ल्ले से हो रहा अवैध कॉलोनियों का निर्माण, जिम्मेदारों पर उठे सवाल

कहीं बिना मापदंड अनुमति तो कहीं खेतों में ही काटे जा रहे प्लॉट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

शहर और आसपास के क्षेत्रों में अवैध कॉलोनियों का निर्माण एक बार फिर तेजी से पैर पसारता नजर आ रहा है। कृषि भूमि को छोटे-छोटे भूखंडों में बांटकर प्लॉट काटने का सिलसिला लगातार जारी है। कई स्थानों पर कॉलोनी विकास के निर्धारित मापदंडों, आवश्यक अनुमतियों और मूलभूत सुविधाओं के बिना ही प्लॉटिंग किए जाने के आरोप हैं। इसके बावजूद भूखंडों की खरीद-फरोख्त, रजिस्ट्री और कुछ मामलों में नगर पालिका द्वारा नामांतरण किए जाने की बात सामने आ रही है। इससे प्रशासनिक निगरानी और जिम्मेदार विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शहर के बाहरी क्षेत्रों में कृषि भूमि खरीदकर उसे छोटे-छोटे प्लॉटों में विभाजित करने का खेल लंबे समय से चल रहा है। आरोप है कि कई स्थानों पर सड़क, नाली, जल निकासी, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था किए बिना ही प्लॉट बेचने शुरू कर दिए जाते हैं। खेतों में रास्ते निकालकर भूखंडों की बिक्री की जा रही है। आकर्षक दरों और भविष्य में सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा देकर लोगों को प्लॉट बेचे जाते हैं, लेकिन बाद में खरीदारों को वैधता, निर्माण अनुमति और मूलभूत सुविधाओं को लेकर परेशानी उठानी पड़ सकती है।

अनुमति प्रक्रिया पर भी सवाल

शहर में विकसित हो रही कॉलोनियों को लेकर नगर एवं ग्राम निवेश विभाग की अनुमति प्रक्रिया भी सवालों के घेरे में है। चर्चा है कि कुछ कॉलोनियों को निर्धारित मापदंड पूरे किए बिना अनुमति मिलने की बात सामने आ रही है, जबकि दूसरी ओर कई स्थानों पर बिना अनुमति के ही कृषि भूमि पर प्लॉटिंग की जा रही है। सवाल यह है कि स्वीकृत कॉलोनियों में सड़क की चौड़ाई, पार्क, नाली, जल निकासी, विद्युत व्यवस्था और सार्वजनिक उपयोग की भूमि जैसे आवश्यक प्रावधानों का पालन हो रहा है या नहीं। वहीं बिना अनुमति हो रही प्लॉटिंग पर संबंधित विभागों की नजर क्यों नहीं पड़ रही?



अवैध कॉलोनी के प्लॉटों की रजिस्ट्री कैसे?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि कोई कॉलोनी निर्धारित प्रक्रिया के तहत स्वीकृत नहीं है, तो वहां काटे गए प्लॉटों की रजिस्ट्री किस आधार पर हो रही है? बताया जा रहा है कि कुछ संदिग्ध कॉलोनियों में प्लॉट बेचने के साथ उनकी रजिस्ट्री भी कराई जा रही है। ऐसे में यह जांच का विषय है कि रजिस्ट्री से पहले संबंधित भूखंड और कॉलोनी की वैधता की जांच किस स्तर पर होती है। आम नागरिक अपनी जीवनभर की जमा पूंजी लगाकर प्लॉट खरीदता है। यदि बाद में कॉलोनी अवैध या अनधिकृत निकलती है तो उसका सबसे बड़ा नुकसान खरीदार को ही उठाना पड़ता है। इसलिए रजिस्ट्री प्रक्रिया में कॉलोनी की वैधता की जांच बेहद महत्वपूर्ण है।

नामांतरण को लेकर भी उठ रहे सवाल

अवैध कॉलोनियों के भूखंडों के नामांतरण को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि कुछ ऐसे भूखंडों के नामांतरण की प्रक्रिया भी की जा रही है, जिनकी कॉलोनी की वैधता स्पष्ट नहीं है। यदि किसी कॉलोनी को अवैध माना गया है या उसके खिलाफ कार्रवाई की गई है तो फिर उसी कॉलोनी के भूखंडों का नामांतरण किस आधार पर किया जा रहा है? क्या नामांतरण से पहले कॉलोनी की विकास अनुमति और अन्य दस्तावेजों की जांच की जाती है? इन सवालों का स्पष्ट जवाब संबंधित अधिकारियों से अपेक्षित है।

पूर्व में कलेक्टर ने अपनाया था सख्त रुख

गौरतलब है कि राजगढ़ जिले के कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा पूर्व में अवैध कॉलोनियों के मामले में सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई और नामांतरण-रजिस्ट्री पर रोक जैसे कदम उठाए गए थे। संबंधित कॉलोनाइजरों पर जुर्माने की कार्रवाई भी की गई थी। माना जा रहा था कि इससे अवैध प्लॉटिंग पर अंकुश लगेगा, लेकिन वर्तमान में शहर के आसपास तेजी से हो रही प्लॉटिंग को देखकर सवाल उठ रहे हैं कि क्या कार्रवाई के बाद निगरानी व्यवस्था कमजोर पड़ गई है?

कार्रवाई के बाद फिर शुरू हुआ खेल?

यदि प्रशासन की पूर्व कार्रवाई के बावजूद नई कॉलोनियां विकसित हो रही हैं तो जिम्मेदारी तय होना जरूरी है। कृषि भूमि पर प्लॉटिंग शुरू होने, सड़कें बनने और प्लॉटों के प्रचार-प्रसार के बावजूद संबंधित विभागों को इसकी जानकारी क्यों नहीं मिलती? समय रहते कार्रवाई हो तो आम लोगों को अवैध कॉलोनियों में अपनी गाढ़ी कमाई लगाने से बचाया जा सकता है।

आम लोगों के साथ धोखे का खतरा

अवैध कॉलोनियों का सबसे बड़ा नुकसान प्लॉट खरीदने वाले लोगों को उठाना पड़ता है। कई बार कॉलोनाइजर सड़क, नाली, बिजली, पानी और पार्क जैसी सुविधाओं का भरोसा दिलाते हैं, लेकिन प्लॉट बिकने के बाद सुविधाएं विकसित नहीं हो पातीं। बारिश में जलभराव और कीचड़ की समस्या सामने आती है। वहीं वैधता स्पष्ट नहीं होने पर भविष्य में मकान निर्माण, बैंक ऋण और अन्य सरकारी प्रक्रियाओं में भी दिक्कत आ सकती है। जिम्मेदार विभागों की भूमिका भी जांच के दायरे में किसी कॉलोनी की वैधता में भूमि की स्थिति, डायवर्सन, विकास अनुमति, नगर एवं ग्राम निवेश की अनुमति, रजिस्ट्री और नामांतरण जैसी कई प्रक्रियाएं शामिल होती हैं। ऐसे में यदि कोई अवैध कॉलोनी विकसित हो रही है तो केवल कॉलोनाइजर ही नहीं, बल्कि संबंधित विभागों की निगरानी व्यवस्था की भी जांच जरूरी है। जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई तो जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और यदि जानकारी नहीं थी तो विभागीय निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

प्रशासन कराए सर्वे, हो जिम्मेदारी तय

शहर और आसपास विकसित हो रही कॉलोनियों का प्रशासन को सर्वे कराना चाहिए। यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि कौन-सी कॉलोनी वैध है, किसे अनुमति मिली है, कहां नियमों का पालन नहीं हो रहा और किन कृषि भूमियों पर बिना अनुमति प्लॉटिंग की जा रही है। पूर्व में कार्रवाई की गई कॉलोनियों के रजिस्ट्री और नामांतरण मामलों की भी जांच होनी चाहिए। यदि बिना अनुमति प्लॉट काटकर बेचने की पुष्टि होती है तो संबंधित कॉलोनाइजर के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई हो। वहीं किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही अथवा मिलीभगत सामने आती है तो उसकी भी जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। अब सवाल यही है कि क्या प्रशासन अवैध कॉलोनियों के खिलाफ फिर सख्त अभियान चलाएगा? शहर में तेजी से बढ़ती प्लॉटिंग ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जरूरत केवल आदेश जारी करने की नहीं, बल्कि मौके पर जांच कर अवैध कॉलोनियों की पहचान करने, प्लॉट बिक्री पर रोक लगाने और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर प्रभावी कार्रवाई करने की है।

तो जांच करेंगे

अवैध कॉलोनी का मामला अगर संज्ञान में आता है तो जांच कर कार्यवाही करेंगे।

कपिल शर्मा, तहसीलदार सारंगपुर

पूर्व विधायक भारतीय को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि की अर्पित

अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर कांग्रेस ने क्रांतिकारी अमर शहीदों को किया याद



हरिभूमि न्यूज ⏭ शामगढ़/मंदसौर

ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी शामगढ़ द्वारा अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू, बाबा भीम राव अम्बेडकर, शहीद भगत सिंह , शहीद चन्द्र शेखर आजाद , मौलाना अबुल कलाम आजाद सहित सभी महान नेताओं और अमर शहीदों, क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनका स्मरण किया। साथ ही गत दिवस सुवासरा के पूर्व विधायक राम गोपाल भारतीय के निधन पर 2 मिनिट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष किशोर सिंह पंवार, शहर अध्यक्ष डॉ.शौकत मंसूरी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश जायसवाल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मेहन्द्र पोरवाल, वरिष्ठ नेता प्रमोद फरक्या, किसान कांग्रेस प्रदेश सचिव दशरथ राठौर, अजा जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल सिसोदिया, पूर्व पार्षद नीलेश संघवी, मण्डलम अध्यक्ष प्रेम पटेल, महिला कांग्रेस पूर्व प्रदेश सचिव शाजयिा खान, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हरिशंकर धाकड़, जगदीश परमार, शाहरुख पठान, इक़बाल शाह, गोपाल सामेरिया, श्याम सिंह सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

बीते कई दिनों से यह चलन चल पड़ा...

चौराहों पर शव रखकर हो रहे प्रदर्शन उचित नहीं, यह सनातन धर्म का अपमानः पूर्व पार्षद गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

पिछले दिनों से यह चलन चल पड़ा है कि संसदीय क्षेत्र में मृतक व्यक्ति के शरीर को कभी रोड पर रखकर, कभी चौराहे पर रखकर ,तो कभी पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने रखकर प्रदर्शन ओर विरोध किया जाने लगा है। इस परम्परा से हिंदू धर्म और सनातन धर्म का अपमान तो हो ही रहा है साथ ही पुलिस की कार्यशैली पर भी एक बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा हो रहा है।



इस तरह के मामलों की जानकारी देकर पूर्व पार्षद भाजपा नेता विजय गुर्जर ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को अवगत कराया है कि इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए प्रशासन को सख्त निर्देश दिए जाने की आवश्यकता है। विजय गुर्जर ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि इस तरह के मामलों में अक्सर देखने में आता है कि पीड़ित मृतक परिवार के स्वजनों को उचित समय पर पुलिस प्रशासन द्वारा उचित सुनवाई एवं सहयोग नहीं मिल पाता है जिसके परिणाम स्वरूप मृतक पीड़ित परिवार के स्वजन और संबंधित लोगों में आक्रोश उत्पन्न होकर बढ़ जाता है, जिसके परिणाम स्वरुप संबंधित स्वजन मृतक के शव को सीधे लेकर मेन रोडों ,चौराहों पर या संबंधित कार्यालयों के सामने रखकर प्रदर्शन करते हैं प्रदर्शन होते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हो जाता है और उनसे बातचीत करता है।

कार्रवाई का आश्वासन देता है। यही काम पुलिस प्रशासन द्वारा धरना प्रदर्शन होने से पूर्व कर दिया जाए तो शव रखकर प्रदर्शन करने की आवश्यकता नहीं पड़े। साथ ही इस तरह के आंदोलन की स्थिति भी निर्मित नहीं हो और सनातन व हिंदू धर्म की परंपरा का अपमान होने से बचाया जा सके।

शिवना शुद्धिकरण अभियान के 137वें दिन एक ट्रॉली कचरा निकाला गया

सामूहिक प्रयास का नतीजा, आज शिवना नदी स्वच्छ हैः विपिन जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

शिवना नदी को स्वच्छ, सुंदर एवं प्रदूषणमुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे शिवना शुद्धिकरण अभियान के अंतर्गत रविवार को अभियान के 137वें दिन श्रमदान किया गया। इस दौरान नदी में बहकर आई जलकुंभी, कचरा एवं अन्य अपशिष्ट बाहर निकालकर नदी की सफाई की गई। इसी के साथ नदी किनारे फैली गाजर घास व कंटीली झाड़िया को भी साफ किया गया। श्रमदानियों द्वारा करीब एक ट्रॉली कचरा निकाला गया इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने कहा कि शिवना नदी मंदसौर की जीवनदायिनी है और इसे स्वच्छ रखना प्रत्येक मंदसौरवासी की जिम्मेदारी है। उन्होंने शहरवासियों से आह्वान किया कि प्रत्येक रविवार प्रातः 7 से 9 बजे तक आयोजित होने वाले





शिवना शुद्धिकरण अभियान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर श्रमदान करें । श्री जैन ने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही आज शिवना नदी को साफ, स्वच्छ एवं सुंदर स्वरूप प्रदान किया जा सका है ।

रविवार को आयोजित श्रमदान में विधायक विपिन जैन के साथ समाजसेवी रमेश सोनी, हेमराज खाबिया, राकेश जैन पिंटू, बालकृष्ण दवे, अमलावद गांव से कैलाश कुमावत, दलौदा सगरा गांव से गणेशराम मालवीय, ईश्वरलाल मालवीय, रामप्रसाद मालवीय सहित महिला नेत्रियों रफत पयामी, इष्टा भाचावत, राखी सत्रावाला, प्रमिला पंवार, कौशल्या त्रिवेदी ने श्रमदान किया। इसके अलावा कांग्रेसजन सर्वश्री तरुण खिंची, राजनारायण लाड़, शैलेन्द्र गोस्वामी, दिलीप देवड़ा, कचरमल जटीया, मनोज जैन, विश्वास दुबे, राजेश फरक्या, संजय नाहर, रमेश कोठारी, रईस खान पटवारी, सुभाष जैन, अजय सोनी, महेश गुप्ता, अजय दुबे, राकेश सेन, जयेश पालीवाल, सादिक गोरी, अकरम खान, आमीन खान, गणपत कुमावत, संजय बारोट, अशोक राव, अंसार मेव, राजेश चौधरी, कपिल पंड्या, ऋषिराज लाड़, गोपाल बंजारा सहित बड़ी संख्या में श्रमदानी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

जनगणना का मुद्दा संसद सत्र में उठाने के लिए दिया ज्ञापन



आष्टा। देश की राज्यसभा व लोकसभा में पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के सांसदों को आज पूरे देश में ज्ञापन दिया गया है। यह ज्ञापन बामसेफ के ऑफसेट विंग भारत मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा दिया गया। जिसमें मांग की है कि पूरे देश में पिछड़ा वर्ग की जाति आधारित एवं सभी वर्गों की जाति आधारित जनगणना अनिवार्य रूप से करवाने का मुद्दा संसद में उठाएं। साथ ही जनगणना फॉर्म में 2027 में हाउसिंग लिस्टिंग के बाद जनसंख्या लिस्टिंग करवाया जाए। ज्ञापन में मांग बताया कि यह मांग संविधान की प्रस्तावना तथा अनुच्छेद सामाजिक न्याय समान अवसर पिछड़ा वर्ग के उत्थान की भावना के अनुरूप है। जिसके साथ सरकार ने छेड़छाड़ किया है। यह जाति जनगणना के मुद्दे पर ओबीसी के साथ सरासर धोखेबाजी है। इसलिए इस मुद्दे को माननीय सांसद इसी सत्र में संसद में उठाएं ऐसी मांग की गई है। देवास सांसद को यह ज्ञापन आमने-सामने देना था किंतु संसद सत्र में होने की वजह से अपने निर्वाचन क्षेत्र में उपलब्ध नहीं हो पाए तो संगठन के पदाधिकारी ने उन्हें यह ज्ञापन ईमेल के जरिए भेजा है। जिसमें मांग की गई है कि जनता के इस मुद्दे को सांसद संसद में जरूर उठाएं। ईमेल द्वारा ज्ञापन भेजने वालों में भारत मुक्ति मोर्चा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एडवोकेट जगदीश द्रविड़, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष कमलेश कुशवाहा, शुभम मालवीय, छात्र नेता सचिन भीष्म, सुरेश भाई ठेकेदार,आसिक भाई मैकेनिक, राहुल मालवीय, आकाश जाटव आदि मौजूद रहे।

बरसते पानी में भी नहीं रुकी सेवा, कांवड़ियों के स्वागत में जुटा वेलकम ग्रुप

सीवन नदी के तट से प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम तक हजारों कांवड़ियों की लग रही लंबी कतार

वेलकम ग्रुप के सदस्यों ने बरसते पानी के बीच सपरिवार कांवड़ियों की अगवानी की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सावन मास में सीहोर की धरती इन दिनों शिवभक्ति से सराबोर है। सीवन नदी के पवित्र तट से प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम तक हजारों कांवड़ियों के कदम बढ़ रहे हैं। बारिश की फुहारों के बीच सिर पर कांवड़ और जुबां पर भोलेनाथ का नाम लिए श्रद्धालुओं का कारवां जब शहर से गुजरता है तो पूरा मार्ग हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंज उठता है। इसी आस्था के बीच शहरवासी भी कांवड़ियों की सेवा में पूरी श्रद्धा के साथ जुटे हुए हैं।



नाका पर सपरिवार कांवड़ियों का स्वागत

रविवार को इंदौर नाका के समीप वेलकम ग्रुप के सदस्यों ने बरसते पानी के बीच सपरिवार कांवड़ियों की अगवानी की। दूर-दराज से पैदल यात्रा करते हुए सीहोर पहुंचे श्रद्धालुओं को गर्मागर्म खिचड़ी, चाय और फलाहार की प्रसादी कराई गई। बारिश तेज होने के बावजूद सेवा में जुटे सदस्यों के चेहरे पर उत्साह और श्रद्धालुओं के स्वागत में अपनापन साफ नजर आया। सुबह 5 से शुरू हुआ खिचड़ी-फलाहार वितरण शाम तक चलता रहा। कांवड़ियों ने भी सेवा कार्य के लिए वेलकम ग्रुप के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

सेवा को सौभाग्य मानकर जुटे सदस्य

वेलकम ग्रुप के सदस्य संतोष त्यागी, सुनील शर्मा, राधेश्याम राय बंटू, हेमंत पाटील, योगेश ओझा, मनोहर मेवाड़ा, जितेंद्र त्यागी और विकास राठौर सहित अन्य सदस्य सेवा कार्य में जुटे रहे। सदस्यों का कहना है कि सावन के पवित्र महीने में देश के अलग-अलग हिस्सों से सीहोर पहुंचने वाले शिवभक्तों की सेवा करना उनके लिए केवल सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि भगवान शिव की सेवा के समान है। श्रद्धालुओं को भोजन और फलाहार उपलब्ध कराकर उन्हें यात्रा के दौरान राहत पहुंचाना ही इस सेवा का उद्देश्य है।



सीवन से धाम तक जगह-जगह सेवा पंडाल

कांवड़ियों और शिवभक्तों की सुविधा के लिए सीवन नदी तट से कुबेरेश्वरधाम तक जगह-जगह सेवा पंडाल लगाए गए हैं। इन पंडालों में श्रद्धालुओं के लिए चाय, नाश्ता, फलाहार और प्रसादी की व्यवस्था की जा रही है। बारिश के मौसम में लंबी पैदल यात्रा कर रहे कांवड़ियों को इन सेवा केंद्रों से विशेष राहत मिल रही है। मार्ग में स्वयंसेवक श्रद्धालुओं की जरूरत के अनुसार उनकी मदद करते नजर आ रहे हैं।

रोलागांव से छापर तक सड़क हो रही खराब

बारिश में ग्रामीण हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ खापरोद

आष्टा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कई गांवो में लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। कई गांवों में आंगनबाड़ी नहीं हैं तो कहीं स्कूल भवन नहीं हैं। बच्चों को पंचायत भवन में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। वहीं कई गांवों में आंगनबाड़ियों को स्कूलों में लगाई जा रही है। वाकई गांव में ग्रामीण पक्की सड़कों के लिए तरस रहे हैं खासतौर से बारिश के दिन मुसीबतो भरे होते हैं।

जहां इन ग्रामीणों को कीचड़ से सने और गड्ढों से पटे कच्चे रास्तों से होकर चलना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल के बच्चे बुजुर्गों और महिलाओं को होती है आए दिन इन बदहाल रास्तो पर ग्रामीण गिरते-पढते हैं। वहीं दुर्घटनाओं का शिकार होते है ग्राम रोलागांव से छापर तक रोड की हालत इतनी खराब है कि ग्रामीणों का पैदल चलना भी मुश्किल है दो पहिया वाहन चालक गिरते पड़ते रास्ता पार करते हैं बारिश के दिनों में कोई बीमार हुआ तो ग्राम में 108 एम्बुलेंस तक नहीं पहुंचती है अगर कोई ज्यादा बीमार हो जाता है तो उसको मुख्य रोड तक लाने के लिए पलंग पर लेटा कर लाया जाता है। ग्रामीणों द्वारा शासन प्रशासन से एक नहीं अनेक बार इस समस्या के समाधान के लिए मांग की गई। लेकिन जिम्मेदार इस समस्या कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं ग्राम मिठूपूरा के पटेल विक्रम सिंह ठाकुर ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा विधानसभा व लोक सभा चुनाव में बहिष्कार भी किया गया था। तब जनप्रतिनिधि व अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया था के रोड जल्दी बना दिया जाएगा। लेकिन आज तक इस रोड पर किसी ने ध्यान नहीं दिया है। इस रोड की हालत इतनी खराब है कि इस पर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं पुरे रोड पर पानी ही पानी व कीचड़ भरा हुआ है जिससे ग्रामीणों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हमारी शासन से मांग हे की रोलागांव से छापर तक का रोड पक्का बनवाया जाए जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी ना हो।

कुदरत का अद्भुत करिश्मा है माता-पिता पर मार्मिक प्रवचन : डॉ अमृतरसा श्रीजी

जावर। महिदपुर रोड स्थित नवीन महाराणा प्रताप बस स्टैंड पर ग्राम पंचायत गोगापुर महिदपुर रोड के आग्रह पर साध्वी डॉ अमृतरसा श्रीजी ने रविवार को धर्म सभा में उपस्थित सभी नगर वासियों को कुदरत का करिश्मा माता-पिता विषय पर मार्मिक प्रवचन देते हुए कहा कि परमात्मा को भी परमात्मा बनाने वाले मां-बाप हैं। मां-बाप के उपकारों ऋणों को जीवन में कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। मां वह है जिसके अंदर स्वयं परमात्मा के दर्शन होते हैं। मां को 68 तीर्थोंकी उपमा दी गई है। 68 तीर्थो के दर्शन करने से जितना पुण्य मिलता है उतना मां बाप के चरणों को स्पर्श करने से मिलता है। मां बाप का रिश्ता उस विधाता ने स्वयं बनाया है। पूज्य साध्वी जी ने कहा कि पत्नी पसंद से मिलती है लेकिन मां-बाप सौभाग्य पुण्य से मिलते हैं।

पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति प्रमाण-पत्र, 16 अगस्त को नगर में निकलेगी तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारदा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांटाफोड़ द्वारा संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए ब्लॉक के विभिन्न पदाधिकारियों को उनके दायित्वों से संबंधित नियुक्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पार्टी द्वारा 16 अगस्त को तिरंगा बाइक यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। यह यात्रा लोहारदा मंडी से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली जाएगी। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विष्णु मीणा, पूर्व कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशी गोपाल भोसले, निर्मल पुरोहित, कांग्रेस नगर अध्यक्ष अंकुश सारंडा, योगेश पटौदी, अभिषेक जोशी, अभिषेक भट्ट सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि तिरंगा यात्रा देश के राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कार्यक्रम के समापन के बाद कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने साथ बैठकर सामूहिक रूप से भोजन किया।



नशा धीरे-धीरे हमारे शरीर, मन और सपनों को अंदर से खोखला कर देता है : सर्वेश उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

संस्कृति हायर सेकंडरी स्कूल आष्टा में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने और समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। स्कूल संचालक प्राचार्य सर्वेश उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बेहद मनमोहक व प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं, जिनके माध्यम से उन्होंने समाज में नशे की गिरफ्त में आ रहे युवाओं और परिवारों पर पड़ने वाले बुरे प्रभावों को जीवंत रूप से दर्शाया। इन प्रस्तुतियों ने वहां मौजूद सभी दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। इस नशा मुक्ति जागरूकता अभियान को लेकर हमें प्राचार्य सर्वेश उपाध्याय ने बताया कि आज विद्यालय में आयोजित किया गया आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ समाज के निर्माण की एक मजबूत नींव है।



नशा एक दीमक की तरह है, जो धीरे-धीरे हमारे शरीर, मन और सपनों को अंदर से खोखला कर देता है। युवावस्था जीवन का वह स्वर्णकाल है, जिसमें आपके पास असीम ऊर्जा और कुछ कर दिखाने का जज्बा होता है। इस ऊर्जा को गलत दिशा में भटकाने के बजाय बच्चे कला, शिक्षा और रचनात्मकता में लगाएं। इसी उद्देश्य को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। आगे उन्होंने बताया कि हमारा विद्यालय सिर्फ किताबी ज्ञान देने तक सीमित नहीं है। हम समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं, जागरूकता अभियानों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। हम चाहते हैं कि बच्चे कला के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाएं और निरंतर मोटिवेट होकर उच्च परिणाम व सफलता प्राप्त करें। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सब ने मिलकर यह संकल्प लिया कि हम खुद नशे से दूर रहेंगे और अपने समाज को भी इस अभिशाप से मुक्त करेंगे। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासः- संस्कृति हायर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर दिया जाता है।

विद्यालय में समय-समय पर वाद-विवाद, खेलकूद, चित्रकला और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। स्कूल प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। इसके साथ ही, समय-समय पर विशेष मोटिवेशनल सत्र आयोजित कर बच्चों का मार्गदर्शन किया जाता है ताकि वे परीक्षाओं में उच्च परिणाम प्राप्त कर अपने जीवन में अभूतपूर्व सफलता हासिल कर सकें।

ग्राम भंवरा में शिक्षण सामग्री का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सामाजिक संस्था जन सेवा संकल्प द्वारा ग्राम भंवरा में सरस्वती विद्या मंदिर, ग्राम भंवरी में शासकीय माध्यमिक विद्यालय व ग्राम भटोनी के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में स्कूली छात्र-छात्राओं को निशुल्क सामग्री के रूप में स्कूल बैग, कॉपियां, पेंसिल रबर सेट, ड्राइंग कलर सेट का वितरण किया गया। 208 स्कूली छात्र छात्राएं लाभान्वित हुए।

संस्था के केवलराम मालवीय ने बताया कि निशुल्क शिक्षण सामग्री वितरण करने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय जाने के लिए प्रेरित करना है। छोटे बच्चों के मध्य सेवा कार्य करने का अलग ही महत्व होता है जब हम छोटी-छोटी वस्तुएं उन्हें भेंट करते हैं तो उनके अंदर नित्य विद्यालय जाकर शिक्षा ग्रहण करने की लालसा उत्पन्न होती है वही बच्चों से हम संस्कार देने व माता पिता एवं शिक्षकों का सम्मान करने के लिए भी प्रेरित करते हैं। साथ ही छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर डॉक्टर हिन्दू सिंह परमार, पत्रकार संजय वर्मा, सरस्वती शिशु मंदिर भंवरा प्राचार्य बालमुकुंद परमार ,आचार्य रामस्वरूप परमार संतोष दीदी, सरिता दीदी, उमा दीदी,भारती दीदी तनु दीदी और पूजा दीदी वहीं स्टोनी में शासकीय माध्यमिक शाला प्रधानाध्यापक नरपत सिंह सिलोरिया (प्रभारी), शिक्षक अयूब खान, शिक्षक मदन लाल चौहान, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, अनिल कुमार, नेहा, समाजसेवी संजय चौधरी, रामनिवास परमार एवं समस्त स्टाफ उपस्थित था।



कॉलेज में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का सीनियर्स ने किया स्वागत

गतिविधियों के माध्यम से मिस्टर सुंदरम व मिस सुंदरम का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

सुंदरम कॉलेज जावर में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत एवं उनके उत्साहवर्धन के उद्देश्य से शनिवार को फ्रेशर पार्टी एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रथम वर्ष के साथ द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के डायरेक्टर मुकेश पांचाल एवं प्राचार्य हेमा मंजिता पांचाल तथा आमंत्रित अतिथि जावर थाना प्रभारी संतोष विश्वकर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों की प्रस्तुतियां दी गईं। फ्रेशर पार्टी का मुख्य आकर्षण "मिस्टर सुंदरम एवं मिस सुंदरम" प्रतियोगिता रही।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास, प्रतिभा, व्यक्तित्व एवं सामान्य ज्ञान का प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रश्नों एवं गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जावर थाना प्रभारी संतोष विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन सीखने, अपने व्यक्तित्व को निखारने और भविष्य की मजबूत नींव रखने का सबसे महत्वपूर्ण समय है। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक एवं सतर्क रहने, अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने तथा समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में कुछ नया करने, अपनी प्रतिभा को पहचानने और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दिया साथ ही विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन, महिला एवं बालिका सुरक्षा संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के अपराध या असामाजिक गतिविधि के प्रति सतर्क रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर तुरंत पुलिस या संबंधित व्यक्ति से सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।



साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया।

महाविद्यालय के डायरेक्टर मुकेश पांचाल ने प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें महाविद्यालय परिवार का हिस्सा बनने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कॉलेज केवल पढ़ाई करने का स्थान नहीं है, बल्कि यहां विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता और व्यक्तित्व को विकसित करने के अनेक अवसर मिलते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को महाविद्यालय में आयोजित होने वाली विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल, सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमित अध्ययन और सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल एवं आकर्षक संचालन अतुल शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति एवं मंच संचालन से पूरे कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य हेमा मंजिता पांचाल ने सभी अतिथियों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी शैक्षणिक गतिविधियों एवं महाविद्यालय के निर्देशों से अवगत कराते हुए उन्हें अनुशासन, मेहनत एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। स्वागत समारोह कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह एवं उमंग देखने को मिली। कार्यक्रम ने नए विद्यार्थियों को वरिष्ठ विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से जुड़ने तथा महाविद्यालय के वातावरण को समझने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण अलका शर्मा, कल्पना सिसोदिया, वीरेंद्र ठाकुर, अतुल शर्मा, गोविंद ठाकुर, नारायण पाटीदार शिक्षकगण सहित विद्यार्थीयो में कुमकुम भरेवा द्वारा प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। सुंदरम कॉलेज जावर का यह फ्रेशर पार्टी समारोह विद्यार्थियों के लिए उत्साह, ज्ञानवर्धक, मार्गदर्शन और नई ऊर्जा से भरपूर एक यादगार अवसर बन गया।

विद्युत बकाया वसूली अभियान में तेजी, 4 करोड़ वसूली का है लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विद्युत बकाया राशि की वसूली को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शनिवार को मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उप महाप्रबंधक रमेश सिंह ने आष्टा क्षेत्र में चल रहे वसूली अभियान का निरीक्षण किया।

वहीं उन्होंने संपर्क अभियान में पहुंचकर उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुना और निराकृत किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों सहायक यंत्री कलन चाकरे, कनिष्ठ यंत्री योगेश साहू एवं कर्मचारियों से वसूली की प्रगति की जानकारी लेते हुए अगस्त माह के निर्धारित 4 करोड़ रुपये के लक्ष्य को शत-प्रतिशत हासिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने विजिलेंस प्रकरणों तथा पीडीसी कनेक्शनों में लंबित राशि की वसूली पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उप महाप्रबंधक रमेश सिंह ने स्पष्ट किया कि विद्युत बिल की बकाया राशि समय पर जमा करना उपभोक्ताओं की जिम्मेदारी है। निर्धारित प्रक्रिया के तहत लगातार सूचना दिए जाने के बाद भी राशि जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसमें खाते होल्ड करने तथा चल-अचल संपत्ति की जब्ती जैसी वैधानिक कार्रवाई भी शामिल हो सकती है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वसूली अभियान केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहे, बल्कि मैदानी स्तर पर प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी अपने निर्धारित क्षेत्र में बकाया राशि की वसूली को प्राथमिकता दें, ताकि निर्धारित लक्ष्य समय पर पूरा किया जा सके। इसी क्रम में अलीपुर के मीरपुरा चौक पर संपर्क अभियान के अंतर्गत विशेष जनसेवा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मीरपुरा, मयूर कॉलोनी,आयशा कॉलोनी, झुग्गी-झोपड़ी बस्ती, ब्लॉक चौक सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में विद्युत उपभोक्ता पहुंचे। शिविर में उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया।